कुम्भ को भव्य और दिव्य रूप से आयोजित करने के सम्बन्ध में प्रदेश सरकार द्वारा केन्द्र सरकार के सहयोग से किये गये व्यापक प्रबन्धों के फलस्वरूप, श्रद्धालुओं को इस पावन अवसर पर सुविधा, सुरक्षा तथा श्रद्धा-भक्ति से आप्लावित वातावरण प्राप्त हो रहा है। सरकार के आमंत्रण पर विभिन्न राष्ट्रों के प्रतिनिधि तथा प्रवासी भारतीय भी इस भव्य आयोजन के साक्षी बने हैं।

मा0 सदस्यगण, प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिये मेरी सरकार द्वारा विभिन्न योजनाएं चलाई जा रहीं हैं।

एक जनपद-एक उत्पाद योजना-

प्रदेश के विभिन्न जनपदों के चिन्हित उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार, स्थानीय कौशल के संरक्षण, आधुनिकतम तकनीक, उन्नत टूल-किट, वित्त पोषण एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर-तक विपणन को बढ़ावा देने हेतु मेरी सरकार द्वारा 'एक जनपद एक उत्पाद योजना' संचालित की जा रही है। योजनान्तर्गत लखनऊ, मुरादाबाद, वाराणसी एवं गोरखपुर में सम्पन्न समिट के माध्यम से 78,000 लाभार्थियों को लगभग 7,500 करोड़ रुपये का ऋण वितरित किया गया। इस योजना के द्वारा अब तक लगभग 4 लाख युवकों को रोजगार से जोड़ा गया है। आने वाले 5 वर्षों में इस योजना से 20 लाख रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना-

मेरी सरकार द्वारा प्रदेश के पारम्परिक कारीगरों यथा बढ़ई, दर्जी, टोकरी बुनकर, सुनार, लोहार, कुम्हार, हलवाई, नाई, मोची, राज मिस्त्री के उत्थान के लिए 'विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना' प्रारम्भ की गयी है। दिनांक 24 फरवरी, 2019 को यानी उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस पर सम्मान योजना का प्रथम कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। योजना के तहत पारम्परिक कारीगरों को व्यवसायगत प्रशिक्षण तथा उन्नत टूल-किट प्रदान किये गये। प्रशिक्षण के उपरान्त इनको प्रमाण-पत्र भी दिये गये। इस योजना के माध्यम से जहां प्रदेश के गांव-गांव और गली-गली के परम्परागत उद्योगों को बढ़वा मिलेगा, वहीं इनसे जुड़े समस्त कारीगरों के जीवन स्तर में सुधार आ सकेगा।

उत्तर प्रदेश माटी कला बोर्ड-

मेरी सरकार द्वारा मिट्टी का कार्य करने वाले कारीगरों व शिल्पियों के व्यवसाय में वृद्धि करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश माटी कला बोर्ड का गठन किया गया है।

किसान कल्याण-

मा0 सदस्यगण, उत्तर प्रदेश की 65 प्रतिशत आबादी की आजीविका कृषि पर आधारित है। मेरी सरकार प्रदेश के किसानों के उत्थान व उनके कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। कृषकों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य दिलाने के लिए मेरी सरकार ने सक्रिय प्रयास किये हैं।

मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत 43 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान की खरीद हुई है, जो गत वर्ष में क्रय किये गये धान से अधिक है।

वर्ष 2018-19 में मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत 52.92 लाख मीट्रिक टन गेहूं की रिकार्ड खरीद 11,27,195 कृषकों से करते हुए उन्हें 72 घण्टे के अन्दर 9,231.99 करोड़ रुपये का ऑनलाइन भुगतान किया गया।

चीनी उद्योग प्रदेश का कृषि आधारित महत्वपूर्ण उद्योग है, जो प्रदेश के लगभग 35 लाख गन्ना किसानों के परिवारों की आजीविका का मुख्य आधार है। मेरी सरकार द्वारा अब तक 52 हजार करोड़ रुपये का रिकार्ड गन्ना मूल्य का भुगतान किया जा चुका है। इस वर्ष उत्तर प्रदेश की कुल कार्यरत 117 चीनी मिलों में 1,112 लाख मी0 टन गन्ने की रिकार्ड पेराई के फलस्वरूप 120.50 लाख टन चीनी का उत्पादन किया गया है। प्रदेश की 10 सहकारी चीनी मिलों का रु0 100 करोड़ की लागत से आधुनिकीकरण कराया जा रहा है।

कृषि निवेश पर देय अनुदान को डायरेक्ट बेनीफिट ट्रान्सफर (डी0बी0टी0) के माध्यम से प्रदेश के किसानों को भुगतान करने वाला देश का पहला राज्य उत्तर प्रदेश है। अब तक 32.47 लाख किसानों को 657.19 करोड़ रुपये के कृषि अनुदान का सीधा भुगतान उनके खाते में किया गया है।

वर्षों से लम्बित बाणसागर नहर परियोजना को पूर्ण कराया गया, जिसका लोकार्पण माननीय प्रधानमंत्री द्वारा दिनांक 15 जुलाई, 2018 को किया गया। परियोजना के पूरा हो जाने से 01 लाख 50 हजार हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में अतिरिक्त सिंचन क्षमता सृजित हुई। इस परियोजना से लगभग 01 लाख 70 हजार किसान लाभान्वित हुए।

स्वच्छता कार्यक्रम-

ग्रामीण स्वच्छता कार्यक्रम के अन्तर्गत अब तक 1.71 करोड़ 'इज्जत घर' का निर्माण कराया गया है तथा राष्ट्रीय स्तर पर प्रगति में प्रथम स्थान पर है। प्रदेश के सभी 75 जनपद खुले में शौचमुक्त घोषित किये जा चुके हैं।

प्रधानमंत्री आवास योजना-

मा0 सदस्यगण, आवास मानव जीवन की मूलभूत आवश्यकता है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अन्तर्गत अब तक 10.09 लाख आवासों का निर्माण कर, आवास विहीनों को दिये जा चुके हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना-सबके लिए आवास (शहरी मिशन) के अन्तर्गत मेरी सरकार द्वारा किये गये प्रयासों के फलस्वरूप 9.33 लाख आवास स्वीकृत हो चुके हैं।

प्रधानमंत्री आवास योजना की स्थायी पात्रता सूची में छूटे हुए पात्र परिवारों को निःशुल्क आवास उपलब्ध कराने के लिये मुख्य मंत्री आवास योजना-ग्रामीण संचालित की जा रही है।

इसी योजना के तहत प्रदेश के 3,791 कुष्ठ पीड़ितों को रु0 46 करोड़ की लागत से आवास देने का निर्णय लिया गया है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयन्ती वर्ष के पृष्ठभूमि में यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है।

औद्योगिक विकास-

निवेश को प्रोत्साहित करने तथा व्यापक स्तर पर रोजगार के अवसर सुलभ कराने के उद्देश्य से मेरी सरकार द्वारा गत वर्ष दिनांक 21 व 22 फरवरी, 2018 को लखनऊ में इन्वेस्टर्स समिट-2018 का आयोजन किया गया। यह समिट अत्यन्त लाभकारी सिद्ध हुई। इस अवसर पर 4.68 लाख करोड़ रुपये के निवेश सम्बन्धी समझौता ज्ञापन (एम0ओ0यू0) हस्ताक्षरित किये गये। इन निवेश प्रस्तावों को मूर्तरूप देने के लिए दिनांक 29 जुलाई, 2018 को लखनऊ में सम्पन्न ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी में माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा 61 हजार करोड़ रुपये से अधिक निवेश की 81 परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया।

प्रदेश में उद्योगों की स्थापना हेतु संचालित सिंगल विण्डो पोर्टल 'निवेश मित्र' के माध्यम से निवेशकों को 20 विभागों की 70 सेवाएं ऑनलाइन प्रदान की जा रही हैं।

पूर्वान्चल क्षेत्र में औद्योगिक विकास को गति देने के लिए लखनऊ से गाजीपुर तक लगभग 341 किलोमीटर लम्बाई वाले पूर्वान्चल एक्सप्रेस-वे का निर्माण प्रदेश के वित्तीय स्रोतों से कराया जा रहा है। इस एक्सप्रेस-वे से गोरखपुर को जोड़ने के लिए लगभग 91 किलोमीटर लम्बे गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे के निर्माण का भी निर्णय लिया गया है। इसी प्रकार बुन्देलखण्ड को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए 296 किलोमीटर लम्बे बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे का निर्माण भी कराया जाएगा।

प्रयागराज में दिनांक 29 जनवरी, 2019 को मंत्रि-परिषद् की बैठक आयोजित की गयी। इसकी यह विशेषता है कि यह बैठक कुम्भ मेले के पावन अवसर पर राजधानी लखनऊ से बाहरी स्थान पर पहली बार हुई है। इस बैठक में प्रदेश के पश्चिमी भाग (मेरठ) को पूर्वी भाग (प्रयागराज) से जोड़ने के लिए 'गंगा एक्सप्रेस-वे' के निर्माण हेतु सैद्धान्तिक सहमति प्रदान

की गई है। यह एक्सप्रेस-वे मेरठ, अमरोहा, बुलन्दशहर, बदायूं, शाहजहांपुर, फर्रुखाबाद, हरदोई, कन्नौज, उन्नाव, रायबरेली, प्रतापगढ़ एवं प्रयागराज जनपदों से होकर गुजरेगा।

4-लेन एक्सपेन्डेबल टू 6-लेन एक्सेस कण्ट्रोल्ड ग्रीन-फील्ड गंगा एक्सप्रेस-वे की लम्बाई लगभग 600 कि0मी0 होगी। इसके लिए 6,556 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहण की आवश्यकता होगी। इस परियोजना के तहत 08 रेल उपरिगामी सेतु (आर0ओ0बी0) और 18 उपरिगामी मार्ग (फ्लाईओवर्स) का निर्माण किया जायेगा। गंगा एक्सप्रेस-वे के निर्माण पर लगभग 36 हजार करोड़ रुपए की लागत आएगी।

माननीय प्रधानमंत्री द्वारा उत्तर प्रदेश इन्वेस्टर्स समिट में रक्षा-औद्योगिक गलियारा (डिफेंस इण्डस्ट्रिल कॉरिडोर) की घोषणा की गयी थी। मेरी सरकार इस परियोजना के शीघ्रता से क्रियान्वयन हेतु प्रतिबद्ध है। इस हेतु भूमि भी चिन्हित की जा चुकी है।

<u>चिकित्सा शिक्षा-</u>

प्रदेश की जनता को बेहतर एवं विशेषीकृत (स्पेशलाइज्ड) चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु मेरी सरकार द्वारा प्रदेश में जिला चिकित्सालयों को उच्चीकृत करते हुए 8 नवीन मेडिकल कालेजों-जिला देवरिया, सिद्धार्थनगर, गाजीपुर, मिर्जापुर, प्रतापगढ़, फतेहपुर, हरदोई तथा एटा का निर्माण कराया जा रहा है।

बाबा राघवदास (बी0आर0डी0) मेडिकल कालेज, गोरखपुर समेत प्रदेश के 04 मेडिकल कालेजों यथा प्रयागराज, झांसी तथा मेरठ में प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के तहत सुपर स्पेशियलिटी ब्लाक का निर्माण अन्तिम चरण में है, जिन्हें शीघ्र क्रियाशील कर दिया जायेगा। इसके साथ आगरा तथा कानपुर में प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के तहत सुपर स्पेशियलिटी ब्लाक का निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।

संजय गांधी स्नातकोत्तर चिकित्सा विज्ञान संस्थान (एस0जी0पी0जी0आई0), लखनऊ में अनेक नई सुविधाओं को इस वर्ष प्रारम्भ किया गया। जैसे-लीवर ट्रांसप्लांट सेन्टर, कालेज ऑफ मेडिकल टेक्नालॉजी तथा ट्रामा सेन्टर। इस ट्रामा सेन्टर का विस्तार निकट भविष्य में 60 शैय्या से बढ़ाकर 200 शैय्या तक किये जाने की योजना है, जिससे दुर्घटना ग्रस्त मरीजों को राहत मिलेगी। संजय गांधी स्नातकोत्तर चिकित्सा विज्ञान संस्थान (एस0जी0पी0जी0आई0) में माह फरवरी, में देश की पहली रोबोटिक सर्जरी का भी शुभारम्भ किया जा रहा है।

डा0 राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान लखनऊ के द्वितीय चरण का विस्तार लक्षित है। जिसके तहत 500 बेड सुपर स्पेशियलिटी चिकित्सालय का निर्माण कराया जाना प्रस्तावित है।

किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (के0जी0एम0यू0) लखनऊ में प्रदेश के पहले स्पोर्ट्स मेडिसिन विभाग के साथ-साथ स्पाइनल सेन्टर की भी स्थापना की जायेगी।

भारत रत्न स्व0 श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की स्मृति में प्रदेश की राजधानी लखनऊ में अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय की स्थापना का निर्णय लिया गया है जिसके क्रम में विश्वविद्यालय का अधिनियम अधिसूचित किया जा चुका है। शीघ्र ही इस विश्वविद्यालय का निर्माण कार्य प्रारम्भ होगा, इसके बन जाने से प्रदेश के समस्त राजकीय व निजी मेडिकल कालेजों की शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार आयेगा एवं एक समान शैक्षणिक कैलेण्डर (यूनीफार्म एकेडमिक कैलेण्डर) भी लागू हो सकेगा।

जनपद बलरामपुर में के0जी0एम0यू0 लखनऊ के सैटेलाइट कैंपस की भी स्थापना की जा रही है।

स्वास्थ्य विभाग-

मेरी सरकार प्रदेश की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवायें उपलब्ध कराये जाने हेतु कृत संकल्प है। दिमागी बुखार से अति प्रभावित जनपदों में ब्लाक स्तर के चिकित्सालयों तक वेंटिलेटर की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है तथा जनपद स्तर पर स्थापित सघन बाल चिकित्सा इकाइयों एवं प्रयोगशालाओं का सुदृढ़ीकरण किया गया है। दिमागी बुखार तथा अन्य संचारी रोगों पर नियंत्रण हेतु वर्ष 2018 में तीन चरणों में संचालित किये गये संचारी रोग नियंत्रण तथा दस्तक अभियानों का व्यापक प्रभाव हुआ है जिसके परिणामस्वरूप प्रदेश में वर्ष 2017 की तुलना में दिमागी बुखार के कुल रोगियों की संख्या 63% तथा रोगी मृत्यु की दर में 58% की कमी हुई है।

गरीब परिवारों को गम्भीर बीमारियों के निःशुल्क उपचार हेतु आयुष्मान भारत प्रधान मंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत प्रति परिवार 05 लाख रुपये प्रतिवर्ष की निःशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। इस योजना के अन्तर्गत अब तक 13,81,720 गोल्डन कार्ड बनाये जा चुके हैं तथा 28,196 मरीजों को निःशुल्क चिकित्सा सुविधा प्रदान की जा चुकी है। 100 प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्रों के माध्यम से सस्ती तथा गुणवत्तापरक औषधियां जनता को उपलब्ध करायी जा रही है।

वर्ष 2016 की तुलना में वर्ष 2018 में प्रदेश में पूर्ण प्रतिरक्षित बच्चों का प्रतिशत 74 से बढ़कर 82 प्रतिशत हुआ। वर्ष 2018 में विशेष मीजल्स रूबेला टीकाकरण अभियान के अन्तर्गत 7 करोड़ से अधिक बच्चों को टीकाकरण के द्वारा 9 जानलेवा बीमारियों से सुरक्षित किया गया है।

चिकित्सालयों में चिकित्सा व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण हेतु 324 प्रकार के उपकरण उपलब्ध कराये जा रहे हैं। अधिक से अधिक रोगी सरकारी चिकित्सालयों में उपचार सुविधा प्राप्त कर रहे हैं, वर्ष 2017 की तुलना में वर्ष 2018 में प्रदेश के चिकित्सालयों में उपचारित वाह्य रोगी की संख्या 44% तथा अन्तःरोगियों की संख्या में 49% की वृद्धि हुई है।

शिक्षा-

प्राथमिक विद्यालयों में वर्ष 2018-19 में **''स्कूल चलो अभियान''** के अन्तर्गत छात्र नामांकन 157.91 लाख हुआ। नामांकन में कुल 3.92 लाख की वृद्धि हुई।

वर्ष 2018-19 में स्कूल चलो अभियान के अन्तर्गत वर्तमान नामांकन के सापेक्ष 15 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1.82 करोड़ छात्र नामांकन का लक्ष्य रखा गया है।

''आपरेशन कायाकल्प'' के अन्तर्गत ग्राम पंचायतों के माध्यम से स्कूलों की अवस्थापना सम्बन्धी सुविधाओं में वृद्धि की गयी है। विद्यालयों का सौन्दर्यीकरण किया गया है। 3,284 विद्यालयों का मरम्मत कार्य व 13,547 विद्यालयों में बाउन्ड्रीवाल व गेट का निर्माण, 26,735 शौचालयों का निर्माण, 16,041 विद्यालयों में पेयजल की व्यवस्था व 497 विद्यालयों में विद्युतीकरण के साथ टाइलिंग व हैण्डवाश की व्यवस्था की गयी है।

छात्र शिक्षक अनुपात वर्तमान में प्राथमिक स्तर पर 29:1 तथा उच्च प्राथमिक स्तर पर 23:1 है। 68,500 पदों पर शिक्षकों की भर्ती की प्रक्रिया के अन्तर्गत 41,556 शिक्षकों ने कार्यभार ग्रहण किया है। इसके साथ ही शिक्षकों के 69 हजार पदों पर भर्ती की प्रक्रिया प्रारम्भ हो चुकी है।

प्राथमिक तथा उच्च प्राथमिक विद्यालयों के सभी विद्यार्थियों (157.91 लाख) को 2 सेट यूनीफार्म, जूते, मोजे एवं स्वेटर का वितरण किया गया है। कक्षा-1 के सभी विद्यार्थियों व सभी नये विद्यार्थियों को बैग दिये गये हैं। सभी परिषदीय तथा एडेड स्कूल के कक्षा-1 से 8 तक के 1.78 करोड़ विद्यार्थियों को लगभग 12 करोड़ किताबें निःशुल्क वितरित की गयी हैं।

शैक्षिक-सत्र में न्यूनतम 220 शैक्षिक कार्य दिवस निर्धारित किये गये हैं। बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए समस्त राजकीय इण्टर कॉलेजों (बालक) में सह-शिक्षा की व्यवस्था की गयी है। प्रदेश की समस्त तहसीलों को राजकीय इण्टर कालेज से आच्छादित किये जाने के उद्देश्य से शासन द्वारा 47 नवीन राजकीय इण्टर कालेजों की स्थापना तथा शैक्षिक दृष्टि से पिछड़े 191 विकास खण्डों में बालिका छात्रावास का निर्माण किया जा रहा है। मेधावी विद्यार्थियों के निजी ग्राम तक सम्पर्क मार्ग 'गौरव पथ' का निर्माण भी कराया जा रहा है।

विश्वविद्यालयीन शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता और छात्राओं की संख्या में सराहनीय प्रगति हुई है। राज्य सरकार के 32 विश्वविद्यालय हैं, जिसमें से 30 विश्वविद्यालयों का राज्यपाल के नाते मैं कुलाधिपति हूं, इसमें 04 विश्वविद्यालय नये हैं, 26 विश्वविद्यालयों के दीक्षान्त समारोह समय से हुये हैं। शैक्षिक कैलेण्डर भी नियमित हुआ है। इन विश्वविद्यालयों में 59,00,721 विद्यार्थी अध्ययन कर रहे हैं, 2018-2019 के दीक्षान्त समारोह में 12,78,985 विद्यार्थियों को उपाधियां दी गयीं, जिसमें छात्राओं की संख्या 7,14,764 यानी 56 प्रतिशत है। 2017-2018 में छात्राओं का प्रतिशत 51 था। इसी वर्ष दीक्षान्त समारोह में छात्राओं को 66 प्रतिशत पदक मिलें हैं। चार महाविद्यालयों में यह प्रतिशत 80 से अधिक है। बढ़ा हुआ

प्रतिशत महिला सशक्तिकरण का सुखद संदेश देता है। इसका पौधा स्वर्गीय प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के ''सर्व शिक्षा अभियान'' में लगाया जिसकों प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के ''बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ'' अभियान के वटवृक्ष में परिवर्तित किया। विश्वविद्यालयों के दीक्षान्त समारोह में ''गाउन-हैट'' के बदले भारतीय पोशाक में हो रहे हैं।

कौशल विकास-

मा0 सदस्यगण, राज्य का सर्वांगीण विकास कुशल युवाओं के माध्यम से ही संभव है। मेरी सरकार द्वारा तैयार की गई कौशल विकास नीति को सफलतापूर्वक क्रियान्वित कराते हुए उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन को संचालित किया गया है। इसके अन्तर्गत 4.83 लाख युवाओं को प्रशिक्षित करते हुए 2,72,768 को सेवायोजित कराया गया है।

पेंशन-

मेरी सरकार द्वारा 37,37,415 वृद्धजनों की वृद्धावस्था पेंशन, 20,98,629 निराश्रित महिलाओं को विधवा पेंशन व 9,73,046 दिव्यांगजनों को दिव्यांग पेंशन प्रदान की गयी है। निराश्रित महिला पेंशन योजनान्तर्गत महिलाओं को पति की मृत्युपरान्त 500 रुपए प्रतिमाह का भुगतान लाभार्थियों के खाते में किया जा रहा है। वृद्ध एवं अशक्त महिलाओं को आश्रय प्रदान करने हेतु वृन्दावन में आश्रय सदन 'कृष्ण कुटीर' का संचालन प्रारम्भ किया गया है।

छात्रवृत्ति-

अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व सामान्य वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग व अल्पसंख्यक वर्ग के 47,54,386 छात्र-छात्राओं को रु0 3,348.20 करोड़ की छात्रवृत्ति वित्तीय वर्ष 2018-2019 में वितरित की गयी है।

पूर्वदशम् छात्रवृत्ति योजना के अन्तर्गत पिछड़ा वर्ग के 7,58,520 छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति वितरित किये जाने का लक्ष्य है। अन्य पिछड़ा वर्ग के 18,78,452 छात्र-छात्राओं को दशमोत्तर छात्रवृत्ति वितरित किये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। दशमोत्तर कक्षाओं में अध्ययनरत पिछड़े वर्ग के 12,60,000 छात्र/छात्राओं को शुल्क प्रतिपूर्ति वितरित किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

मा0 सदस्यगण, मेरी सरकार समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए कृत संकल्प है। कन्याओं के विवाह हेतु मुख्य मंत्री सामूहिक विवाह योजना का शुभारम्भ किया गया है। इसकी पात्रता हेतु आय सीमा बढ़ाकर 02 लाख रुपये वार्षिक की गयी है।

प्रत्येक परिवार को बैकिंग व्यवस्था से जोड़ने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री जन-धन योजना/वित्तीय समावेशन कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रदेश में 02 जनवरी, 2019 तक 5.23 करोड़ खाते खोले जा चुके हैं।

उज्जवला योजना के अन्तर्गत अब तक 98,71,389 गरीब परिवारों को गैस कनेक्शन वितरित किये गये हैं।

बंधुआ श्रमिकों की पुनर्वास योजना के अन्तर्गत मेरी सरकार द्वारा प्रत्येक जिले में 10 लाख रुपये का कॉरपस फण्ड जिलाधिकारी स्तर पर उपलब्ध करा दिया गया है।

असंगठित क्षेत्र के कर्मकारों के कल्याण के लिए राज्य सामाजिक सुरक्षा बोर्ड का गठन किया गया है।

विद्युत-

मेरी सरकार विद्युत के क्षेत्र में सुधार हेतु प्रतिबद्ध है। 22 माह की अवधि में प्रदेश में अब तक सर्वाधिक रिकॉर्ड नये 94 लाख विद्युत संयोजन दिये गये। दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना के अन्तर्गत दिसम्बर, 2018 तक 1.5 लाख मजरों को विद्युतीकृत किया गया है। उजाला योजना के अन्तर्गत दिसम्बर, 2018 तक लगभग 3.4 करोड़ एल0ई0डी0 बल्ब वितरित किये गये हैं।

मार्ग निर्माण-

वर्ष 2001 की जनगणना के आधार पर 250 से अधिक आबादी के अनजुड़े राजस्व ग्रामों एवं बसावटों को प्राथमिकता पर पक्के सम्पर्क मार्गों से जोड़ने का कार्य कराया जा रहा है। प्रदेश के महत्वपूर्ण राज्य मार्गों, प्रमुख जिला मार्गों एवं अन्य जिला मार्गों के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य भी कराया जा रहा है। प्रदेश के ऐसे तहसील/ब्लाक मुख्यालय जो दो लेन चौड़े मार्गो से नहीं जुड़े हैं, को चरणबद्ध रूप से दो लेन चौड़े मार्गों से जोड़ा जा रहा है। अन्तर्राज्यीय/अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर पड़ने वाले मार्गो के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य भी कराया जा रहा है।

परिवहन-

मेरी सरकार ने अन्तर्राज्यीय परिवहन सेवाओं को सुगम एवं सुदृढ़ बनाने के लिये राजस्थान, उत्तराखण्ड, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश तथा जम्मू-कश्मीर राज्य के साथ उत्तर प्रदेश द्वारा पारस्परिक परिवहन करार सम्पादित किया है। रक्षाबन्धन पर्व पर प्रदेश में 11,69,226 महिला यात्रियों को निःशुल्क यात्रा सुविधा प्रदान की गयी। इसके अतिरिक्त अन्तर्राष्ट्रीय परिवहन सेवा उपलब्ध कराते हुए अयोध्या से जनकपुर (नेपाल) तक की बस सेवा का शुभारम्भ किया गया है।

ऑनलाइन परमिट व्यवस्था प्रदेश के सभी जनपदों में लागू की गयी है। यह व्यवस्था लागू करने वाला उत्तर प्रदेश, हरियाणा के बाद दूसरा राज्य है।

मेट्रो-

मेरी सरकार द्वारा लखनऊ मेट्रो रेल परियोजना के द्वितीय चरण का कार्य 31 मार्च, 2019 तक पूर्ण कर उसे शीघ्र संचालित करने की योजना है। गाजियाबाद मेट्रो परियोजना का विस्तार कार्य पूर्ण कराकर इसका व्यावसायिक संचालन प्रारम्भ कर दिया गया है। कानपुर,

आगरा एवं मेरठ में मेट्रो रेल सेवा का डी0पी0आर0 प्रस्ताव भारत सरकार को अनुमोदन हेतु प्रेषित कर दिया गया है। वाराणसी, प्रयागराज एवं गोरखपुर में मेट्रो परियोजनाओं का कार्य केन्द्र सरकार की नई मेट्रो नीति के अनुरूप प्रगति पर है।

नागर विमानन-

मेरी सरकार द्वारा प्रदेश में वायुसेवा के विस्तार के लिए 'उत्तर प्रदेश नागर विमानन प्रोत्साहन नीति' प्रख्यापित की गई है। प्रदेश में लखनऊ, वाराणसी, आगरा, प्रयागराज, गोरखपुर तथा कानपुर हवाई अड्डों से नियमित वायुसेवा उपलब्ध है। इसके अलावा, 09 हवाई अड्डों का विकास किया जा रहा है। इनमें मुरादाबाद, अलीगढ़, आजमगढ़, श्रावस्ती, चित्रकूट, म्यूरपुर, झांसी, बरेली तथा हिण्डन के हवाई अड्डे सम्मिलित हैं। रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम के तहत अयोध्या, सहारनपुर, कुशीनगर एवं गाजीपुर में हवाई अड्डों का विकास प्रस्तावित है। जनपद गौतमबुद्धनगर के जेवर में 'नोएडा इन्टरनेशनल ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट' की स्थापना का कार्य भी मेरी सरकार द्वारा प्राथमिकता पर कराया जा रहा है।

कानून व्यवस्था-

प्रदेश की कानून व्यवस्था में आशातीत सुधार हुआ है। अब प्रदेश में आम आदमी को कोई भय नहीं है। महिलाओं को रात में भी घर से बाहर निकलने में डर नहीं लगता।

प्रदेश में अपराधियों के विरुद्ध संचालित अभियान के परिणाम स्वरूप गम्भीर अपराधों में विगत वर्ष की तुलना में भारी गिरावट आई है।

शातिर अपराधियों के साथ कुल 3,285 पुलिस कार्यवाही के प्रकरणों में 7,626 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया, जिसके दौरान 946 अभियुक्त घायल हुए तथा 73 अपराधी मारे गये। इस कार्यवाही में 576 पुलिस कर्मी घायल हुए तथा 4 जवान शहीद हुए।

289 अपराधियों के विरुद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एन0एस0ए0) तथा 10,541 के विरुद्ध गैंगस्टर ऐक्ट के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए लगभग 179 करोड़ की सम्पत्ति जब्त की गयी।

पुलिस बल में वृद्धि के लिए 1,23,619 आरक्षियों व समकक्ष पदों में भर्ती की कार्यवाही शुरू की गयी है। इसमें से 27 हजार आरक्षी व समकक्ष पदों के कर्मी प्रशिक्षण पूर्ण कर चुके हैं एवं 2,317 पुलिस कर्मी प्रशिक्षणाधीन हैं। 42,000 कर्मियों की भर्ती के लिए परीक्षा सम्पन्न की जा चुकी हैं तथा शीघ्र ही उनका परिणाम घोषित किया जायेगा। शेष लगभग 50,000 कर्मियों के लिए परीक्षा आयोजित की जा चुकी है।

अग्निशमन व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के लिए 2,065 कर्मियों की भर्ती के लिए 08 फरवरी, 2019 तक आवेदन-पत्र ऑनलाइन आमंत्रित किये गये हैं।

कारागार विभाग के 3,638 पदों के लिए भी 08 फरवरी, 2019 तक ऑनलाइन आवेदन-पत्र आमंत्रित किये गये हैं।

प्रदेश में दैवीय तथा अन्य आपदाओं में राहत पहुंचाने के लिए राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एन0डी0आर0एफ0) की तर्ज पर राज्य आपदा मोचन बल (एस0डी0आर0एफ0) की 03 कम्पनियाँ क्रियाशील की जा चुकी हैं। इसके अतिरिक्त 03 अन्य कम्पनियों के गठन की कार्यवाही प्रचलित है।

प्रदेश के प्रत्येक जनपद में एक महिला थाने की स्थापना के उद्देश्य से अवशेष 04 जनपदों क्रमशः हापुड़, सम्भल, अमेठी एवं शामली में एक-एक महिला थाना की स्थापना की गयी है।

36 नवीन पुलिस थानों एवं 13 नवीन पुलिस चौकियों की स्थापना की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

68 नये अग्निशमन केन्द्रों की प्रस्तावित स्थापना के सापेक्ष 02 फायर इंजन के 54 अग्निशमन केन्द्रों की स्थापना हेतु शासनादेश निर्गत किया जा चुका है।

सरकार द्वारा जनपद लखनऊ, गोरखपुर व बदायूं में 03 महिला बटालियन की स्थापना किये जाने का निर्णय लिया गया है, जिसके क्रम में अग्रतर कार्यवाही प्रचलित है।

जनपद शामली में कांधला व कैराना के मध्य 01 पी0ए0सी0 वाहिनी की स्थापना की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

पुलिस लाइन विहीन 06 जनपदों क्रमशः अमरोहा, औरैया, अमेठी, शामली, हापुड़ और सम्भल में पुलिस लाइन स्थापित किये जाने की कार्यवाही प्रचलित है।

सरकार द्वारा पुलिस के शहीदों को दी जाने वाली अनुग्रह धनराशि को रुपये 20 लाख से बढ़ाकर रुपये 40 लाख किया गया तथा उनके माता-पिता को दी जाने वाली धनराशि को रुपये 5 लाख से बढ़ाकर रुपये 10 लाख कर दिया गया है।

<u>उत्तर प्रदेश दिवस-</u>

मेरी सरकार द्वारा दूसरी बार प्रदेश के गौरवशाली इतिहास से प्रदेश की जनता को परिचित कराने के उद्देश्य से दिवस का दिनांक 24 जनवरी, 2019 को सफल आयोजन किया गया।

<u>प्रवासी भारतीय दिवस-</u>

मेरी सरकार द्वारा पहली बार वाराणसी में दिनांक 21 से 23 जनवरी, 2019 तक 15वां प्रवासी भारतीय दिवस आयोजित किया गया जिसका शुभारम्भ मा0 प्रधानमंत्री जी तथा समापन मा0 राष्ट्रपति महोदय द्वारा किया गया। प्रवासी भारतीय दिवस के अवसर पर युवा प्रवासी भारतीय दिवस तथा प्रवासी दिवस का भी सफल आयोजन सम्पन्न हुआ। प्रदेश के

विकास में प्रवासी भारतीयों को जोड़ने का सफलतम प्रयास मेरी सरकार द्वारा किया गया है। इस कार्यकाल की विशेषता यह रही कि जबसे प्रवासी भारतीय दिवस 2003 में आरम्भ हुआ तब से इस समय पहली बार उत्तर प्रदेश में आयोजन हुआ और प्रदेश की राजधानी के बाहर भी पहली बार हुआ।

पर्यटन-

विश्व पटल पर प्रदेश को नई पहचान देते हुए, राज्य सरकार ने पर्यटन की अवधारणा को एक नया कलेवर प्रदान किया है। प्रदेश सरकार, केन्द्र सरकार के सहयोग से 'प्रासाद योजना' एवं 'स्वदेश दर्शन योजना' के अन्तर्गत, अयोध्या सहित मथुरा-वृन्दावन, गोरखपुर, प्रयागराज, नैमिषारण्य, वाराणसी, विन्ध्याचल आदि स्थलों का पर्यटन विकास करा रही है। अयोध्या में गत वर्ष आयोजित किये गये दीपोत्सव में 3 लाख 31 हजार दीप जलाकर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया गया है।

वनटांगिया ग्रामों का विकास-

प्रदेश में पहली बार मेरी सरकार के प्रयासों से सदियों से उपेक्षित मुसहर जाति के लोगों को जो सरकारी सहायता से, यहां तक कि मताधिकार से भी वंचित थे, उनके ग्रामों को राजस्व ग्राम का दर्जा देकर उन्हें सभी शासकीय सुविधाओं का लाभ प्रदान किया गया है।

उत्तर प्रदेश का प्रथम स्थान-

उत्तर प्रदेश जो अब तक विकास की दौड़ में पीछे रहता था, मेरी सरकार के प्रयासों से तेजी से विकास पथ पर आगे बढ़ा है और नये कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) तथा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) में आवास निर्माण, स्वच्छ भारत मिशन में शौचालय निर्माण तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों की स्थापना में देश में प्रदेश का प्रथम स्थान है।

सौभाग्य योजना में उत्तर प्रदेश विद्युत संयोजन की दृष्टि से सर्वाधिक संयोजन देने वाला प्रदेश रहा।

इसी प्रकार गेहूं, गन्ना, आलू, दुग्ध एवं दुग्ध जन्य उत्पाद में भी उत्तर प्रदेश प्रथम स्थान पर है।

कौशल विकास नीति को लागू करने वाला देश का पहला राज्य उत्तर प्रदेश ही है।

देश में डी0बी0टी0 के माध्यम से कृषि निवेशों पर अनुदान के भुगतान में उत्तर प्रदेश का प्रथम स्थान है।

राष्ट्रीय पुरस्कार-

मेरी सरकार के प्रयासों से राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश को कई सम्मान प्राप्त हुए हैं।

ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए, प्रथम बार 12 राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। इन पुरस्कारों में से 05 पुरस्कार प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में राज्य को प्रदान किए गए हैं।

प्रदेश को तिलहन की सर्वश्रेष्ठ उत्पादकता एवं उत्पादन के लिए 'कृषि कर्मण पुरस्कार' दिया गया है।

ई-टेण्डरिंग प्रणाली में सर्वोत्तम परफॉर्मेन्स के लिए उत्तर प्रदेश को 'बेस्ट परफॉर्मेन्स एवार्ड' प्रदान किया गया।

स्टेट स्टार्ट-अप रैकिंग-2018 के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश को 'एस्पायरिंग लीडर' के रूप में सम्मानित किया गया।

उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन को 'बेस्ट स्टेट इन स्किल डेवलपमेन्ट' श्रेणी के अन्तर्गत भारत सरकार द्वारा पुरस्कृत किया गया है।

मा0 सदस्यगण, मैंने आपके समक्ष मेरी सरकार की प्रमुख नीतियों तथा कतिपय प्रमुख कार्यक्रमों की संक्षिप्त रूपरेखा प्रस्तुत की है। विधान मण्डल के वर्तमान सत्र में आपके समक्ष वर्ष 2019-2020 के वित्तीय वर्ष के लिए आय-व्ययक प्रस्तुत किया जायेगा व कुछ अन्य विधेयक भी आपके समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत किए जायेंगे, जिन्हें पारित करने की आपसे अपेक्षा की जायेगी।

मा0 सदस्यगण, मुझे पूर्ण विश्वास है कि प्रदेश की समस्त जनता के हित में सभी मा0 सदस्यगण सरकार का सहयोग कर जनाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए दलीय निष्ठा से ऊपर उठ कर विस्तृत विचार-विमर्श कर उसका समाधान निकालेंगे और सरकार ने इस प्रदेश को तीव्र गति से आगे ले जाने का जो संकल्प लिया है, उसको पूरा करने में आप अपनी महती भूमिका का निर्वाह करेंगे।

मेरी सरकार ने जनकल्याण के क्षेत्र में समर्पित और सुविचारित नीतियों से उत्तर प्रदेश में एक ऐसा माहौल तैयार किया है जहां से विकास और समृद्धि का महामार्ग निकलता है। मैं आशा करता हूं कि प्रदेश को विकास के पथ पर तेजी से आगे ले जाने में आप सबका सकारात्मक सहयोग प्राप्त होगा, जिससे उत्तर प्रदेश भी देश के अन्य अग्रणी प्रदेशों के साथ अग्रिम पंक्ति में स्थापित होगा।

<u>लोक सभा चुनाव-</u>

इसी वर्ष 2019 में लोक सभा का चुनाव होना है। निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान के आंकड़े घोषित हुए हैं। उत्तर प्रदेश के मतदाताओं की संख्या अब 14.40 करोड़ हो गयी है। देश की राजनीति में उत्तर प्रदेश का अहम स्थान है। मैं सभी मतदाताओं से आग्रह करूंगा कि संविधान द्वारा प्रदत्त मताधिकार का प्रयोग करें तथा ज्यादा से ज्यादा मतदान करें। साथ ही साथ राजनैतिक पार्टियां और निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े हुए

अधिकारी, कर्मचारी, कानून-व्यवस्था से जुड़े हुए पुलिस और सशस्त्र सेना के अधिकारी तथा सैनिक अपने दायित्व के अनुसार कार्य करके चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करें।

मैं यह भी आशा करता हूं कि आप सब मा0 सदस्यगण इस सदन की उच्च गरिमा और पवित्रता को कायम रखेंगे। इन्हीं शब्दों के साथ मैं आप सबके स्वस्थ एवं सफल जीवन की मंगल कामना करते हुए आपको हार्दिक धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे अपने मध्य आने और सरकार के कार्यकलापों को प्रस्तुत करने का सुअवसर प्रदान किया।

जय हिन्द !!

सभा मण्डप के दरवाजे बन्द होने के कारण सत्ता एवं विपक्ष के सदस्यों को हुई असुविधा के सम्बन्ध में औचित्य का प्रश्न

श्री लाल जी वर्मा-

मा0 अध्यक्ष जी, मेरा एक औचित्य का प्रश्न है, प्रमुख सचिव महोदय का हम लोगों को एक पत्र मिला था, उस पत्र में मा0 सदस्यगणों को 10:30 बजे तक या सदन की कार्यवाही शुरू होने के 15 मिनट पहले तक स्थान ग्रहण करना था। जब मा0 सदस्यगण स्थान ग्रहण करने के लिए आए तो गेट बन्द था। जब सत्तापक्ष और विपक्ष के मा0 सदस्यों को समय से पूर्व आने की सूचना दे दी गयी थी उसके बाद भी गेट बन्द मिला, यह औचित्य का प्रश्न है।

श्री अध्यक्ष-

इसका संबंध अपने ही कार्यालय से है, उस पर अगर हम स्पष्टीकरण मांगे तो यह उचित नहीं होगा।

हाजी इरफान सोलंकी-

मा0 अध्यक्ष जी, विधान भवन परिसर से मेरी गाड़ी से सामान चोरी हो गया है, उसका भी संज्ञान ले लें।

श्री अध्यक्ष-

अभी हमारे पास एक बोरा कागज रखे हैं गोले वाले उनका संज्ञान लेकर आगे बढ़ते हैं।

[12:34] अटल बिहारी वाजपेई चिकित्सा विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश विधेयक, 2018†

प्रमुख सचिव, विधान सभा-

माननीय अध्यक्ष जी आपकी अनुज्ञा से घोषित किया जाता है कि अटल बिहारी वाजपेई चिकित्सा विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश विधेयक, 2018, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 20 दिसम्बर, 2018 के उपवेशन में पारित किया था तथा उत्तर प्रदेश विधान परिषद् ने

† छापे नहीं गये।

अपनी दिनांक 20 दिसम्बर, 2018 की बैठक में पारित किया था, पर श्री राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 22 दिसम्बर, 2018 को प्राप्त हो गयी और वह सन् 2018 का उत्तर प्रदेश का बयालिसवां अधिनियम बन गया।

उत्तर प्रदेश विनियोग (2018-2019 का द्वितीय अनुपूरक) विधेयक, 2018†

प्रमुख सचिव, विधान सभा-

माननीय अध्यक्ष जी आपकी अनुज्ञा से घोषित किया जाता है कि उत्तर प्रदेश विनियोग (2018-2019 का द्वितीय अनुपूरक) विधेयक, 2018, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 20 दिसम्बर, 2018 के उपवेशन में पारित किया था तथा जो श्री अध्यक्ष द्वारा धन विधेयक प्रमाणित किया गया था और उत्तर प्रदेश विधान परिषद् से बिना किसी सिफारिश के दिनांक 20 दिसम्बर, 2018 को वापस प्राप्त हुआ था, पर श्री राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 23 दिसम्बर, 2018 को प्राप्त हो गयी और वह सन् 2018 का उत्तर प्रदेश का तैतालिसवां अधिनियम बन गया।

उत्तर प्रदेश शीरा नियंत्रण (तृतीय संशोधन) विधेयक, 2018†

प्रमुख सचिव, विधान सभा-

माननीय अध्यक्ष जी आपकी अनुज्ञा से घोषित किया जाता है कि उत्तर प्रदेश शीरा नियंत्रण (तृतीय संशोधन) विधेयक, 2018, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 20 दिसम्बर, 2018 के उपवेशन में पारित किया था तथा उत्तर प्रदेश विधान परिषद् ने अपनी दिनांक 20 दिसम्बर, 2018 की बैठक में पारित किया था, पर श्री राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 24 दिसम्बर, 2018 को प्राप्त हो गयी और वह सन् 2018 का उत्तर प्रदेश का चौवालिसवां अधिनियम बन गया।

उत्तर प्रदेश माल एवं सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2018†

प्रमुख सचिव, विधान सभा-

माननीय अध्यक्ष जी आपकी अनुज्ञा से घोषित किया जाता है कि उत्तर प्रदेश माल और सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2018, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 20 दिसम्बर, 2018 के उपवेशन में पारित किया था तथा जो श्री अध्यक्ष द्वारा धन विधेयक प्रमाणित किया गया था और उत्तर प्रदेश विधान परिषद् से बिना किसी सिफारिश के दिनांक 20 दिसम्बर, 2018 को वापस प्राप्त हुआ था, पर श्री राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 24 दिसम्बर, 2018 को प्राप्त हो गयी और वह सन् 2018 का उत्तर प्रदेश का पैतालिसवां अधिनियम बन गया।

---

† छापे नहीं गये।

उत्तर प्रदेश जल सम्भरण तथा सीवर व्यवस्था (संशोधन) विधेयक, 2018†

प्रमुख सचिव, विधान सभा-

माननीय अध्यक्ष जी आपकी अनुज्ञा से घोषित किया जाता है कि उत्तर प्रदेश जल सम्भरण तथा सीवर व्यवस्था (संशोधन) विधेयक, 2018, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 20 दिसम्बर, 2018 के उपवेशन में पारित किया था तथा उत्तर प्रदेश विधान परिषद् ने अपनी दिनांक 20 दिसम्बर, 2018 की बैठक में पारित किया था, पर श्री राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 24 दिसम्बर, 2018 को प्राप्त हो गयी और वह सन् 2018 का उत्तर प्रदेश का छियालिसवां अधिनियम बन गया।

अन्तर्राज्यिक प्रवासी कर्मकार (नियोजन का विनियमन और सेवा शर्त) (उत्तर प्रदेश संशोधन) विधेयक, 2018†

प्रमुख सचिव, विधान सभा-

माननीय अध्यक्ष जी आपकी अनुज्ञा से घोषित किया जाता है कि अन्तर्राज्यिक प्रवासी कर्मकार (नियोजन का विनियमन और सेवा शर्त) (उत्तर प्रदेश संशोधन) विधेयक, 2018, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 27 मार्च, 2018 के उपवेशन में पारित किया था तथा उत्तर प्रदेश विधान परिषद् ने अपनी दिनांक 28 मार्च, 2018 की बैठक में पारित किया था, पर राष्ट्रपति महोदय की अनुमति दिनांक 17 सितम्बर, 2018 को प्राप्त हो गयी और वह सन् 2019 का उत्तर प्रदेश का पहला अधिनियम बन गया।

श्री अध्यक्ष-

मद संख्या-4 एवं 5 में कुछ नहीं है।

[12:36] कार्य-मंत्रणा समिति द्वारा सदन के कार्यक्रम निर्धारण की सिफारिशें विषयक प्रस्ताव

श्री अध्यक्ष-

उत्तर प्रदेश विधान सभा की कार्य-मंत्रणा समिति ने अपनी दिनांक 04 फरवरी, 2019 की बैठक में विधान सभा के दिनांक 05 फरवरी, 2019 से दिनांक 22 फरवरी, 2019 तक के उपवेशनों का कार्यक्रम निम्नलिखित रूप में रखे जाने की सिफारिशें की हैं :-

1-दिनांक 05 फरवरी, 2019 को प्रश्नकाल न हो तथा नियम-51, 56, 300, 301 एवं 311 के अन्तर्गत सूचनायें न ली जायं।

2-श्री राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान नियम-56 एवं 311 के अन्तर्गत सूचनायें न ली जायं।

† छापे नहीं गये।

3-दिनांक 06 फरवरी, 2019 को निधन के निर्देश अर्थात् निधन की सूचनायें ली जायं।

तद्नुसार दिनांक 05 फरवरी, 2019 से दिनांक 22 फरवरी, 2019 तक के उपवेशनों का कार्यक्रम निम्नवत् रखा जाय :-

फरवरी, 2019

05 मंगलवार 1-**11:00 बजे पूर्वाह्न**

राज्य विधान मण्डल के एक साथ समवेत् दोनों सदनों के समक्ष श्री राज्यपाल का अभिभाषण।

2-**12:30 बजे अपराह्न**

(1) श्री राज्यपाल के अभिभाषण का पढ़ कर सुनाया जाना।

(2) औपचारिक कार्य, यथा अध्यादेशों, अधिसूचनाओं, नियमों आदि का सदन के पटल पर रखा जाना, विधेयकों का पुरःस्थापन आदि, यदि कोई हों।

06 बुधवार 1-निधन के निर्देश अर्थात् निधन की सूचनायें।
2-श्री राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा।

07 गुरुवार 1-**11:00 बजे पूर्वाह्न**
वित्तीय वर्ष 2019-2020 के आय-व्ययक का प्रस्तुतिकरण।
2-श्री राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा।

08 शुक्रवार 1-श्री राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा।
2-असरकारी दिवस (आधा दिन)।

09 शनिवार
10 रविवार } बैठक नहीं होगी।

11 सोमवार 1-श्री राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा (अन्तिम दिन)।
2-वित्तीय वर्ष 2019-2020 के आय-व्ययक पर साधारण चर्चा।

12 मंगलवार वित्तीय वर्ष 2019-2020 के आय-व्ययक पर साधारण चर्चा।

13 बुधवार वित्तीय वर्ष 2019-2020 के आय-व्ययक पर साधारण चर्चा।

14 गुरुवार वित्तीय वर्ष 2019-2020 के आय-व्ययक पर साधारण चर्चा।

15 शुक्रवार 1-वित्तीय वर्ष 2019-2020 के आय-व्ययक के अनुदानों की मांगों पर विचार एवं मतदान।

2-असरकारी दिवस (आधा दिन)।

16 शनिवार
17 रविवार } बैठक नहीं होगी।

18 सोमवार
19 मंगलवार
20 बुधवार
21 गुरुवार } वित्तीय वर्ष 2019-2020 के आय-व्ययक के अनुदानों की मांगों पर विचार एवं मतदान।

22 शुक्रवार 1-वित्तीय वर्ष 2019-2020 के आय-व्ययक के अनुदानों की मांगों पर विचार एवं मतदान।

2-**3:00 बजे अपराह्न**

उत्तर प्रदेश विनियोग विधेयक, 2019 का सदन की अनुज्ञा से पुरःस्थापन, उस पर विचार एवं उसका पारण।

संसदीय कार्य एवं नगर विकास मंत्री (श्री सुरेश कुमार खन्ना)-

मान्यवर, मैं आपकी अनुज्ञा से प्रस्ताव करता हूं कि यह सदन कार्य-मंत्रणा समिति की सिफारिश से, जिसकी सूचना आज श्री अध्यक्ष द्वारा सदन में दी गयी है, सहमत है।

श्री अध्यक्ष-

प्रश्न यह है कि कार्य-मंत्रणा समिति की विषयक जो प्रस्ताव व जो मा0 संसदीय कार्य मंत्री द्वारा प्रस्तुत किया गया है, उससे यह सदन सहमत है?

(प्रश्न उपस्थित किया गया और सर्वसम्मति से स्वीकृत हुआ)

अब हम कल 11:00 बजे तक के लिए उठते हैं।

(इसके बाद सदन का उपवेशन 12 बजकर 40 मिनट पर अगले दिन के 11:00 बजे तक के लिये स्थगित हो गया।)

लखनऊ :

दिनांक 05 फरवरी, 2019

प्रदीप कुमार दुबे,
प्रमुख सचिव, विधान सभा,
उत्तर प्रदेश।

पी0एस0यू0पी0-एल0 53 विधान सभा (73)-20-06-19-631 प्रतियां (कम्प्यूटर)।